भूमि बचाओ व अतिक्रमण हटाओ के लिए निकली विशाल रैली

विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्रों के द्वारा में प्रदर्शन किया

अजमेर, (कासं)। आयुर्वेद विश्वविद्यालय, अजमेर की स्थापना हेतु भूमि महर्षि दयानन्द सरस्वती की आवंटित भूमि में से दिये जाने के संबंध में आज विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, सेवानिवृत कर्मचारियों, छात्रों, पूर्व छात्रों आदि के द्वारा संयुक्त रूप से विश्वविद्यालय में प्रदर्शन किया गया तथा विश्वविद्यालय की भूमि बचाये जाने के संबंध में एक विशाल रैली की गई। प्रदर्शन एवं रैली के दौरान सैंकड़ों की संख्या में विद्यार्थी तथा कर्मचारी उपस्थित थे। सभी में अपनी कर्मभूमि को बचाने हेतु पूरा जोश था। महर्षि दयानन्द सरस्वती को आवंटित भूमि राजस्थान विश्वविद्यालय को दिये जाने के संबंध में आज विश्वविद्यालय में प्रबंध मण्डल की बैठक रखी गई थी जिसमें विश्वविद्यालय की जमीन दिये जाने के संबंध में मद रखा गया था। उक्त मद को निरस्त कर भूमि आयुर्वेद विश्वविद्यालय को नहीं दिये जाने हेतु यह प्रदर्शन रखा गया था।

विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, छात्रों के द्वारा संयुक्त रूप से विश्वविद्यालय में प्रदर्शन किया।

प्रबंध मण्डल की बैठक में पधारे सभी माननीय सदस्यों को एवं कुलपति महोदय को इस संबंध में ज्ञापन दिया गया था शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन किया गया। तख्तियों पर विश्वविद्यालय की भूमि बचाने के संबंध में नारे लिखकर एक विशाल रैली निकाली गई।

साथ ही पोस्टकार्ड अभियान की शुरूआत की गई जिसमें लगभग 1000 पोस्टकार्ड प्रदर्शन स्थल पर ही भरवाकर एकत्रित किये गये जिन्हें महामहीम राज्यपाल को भिजवाया जायेगा जिससे महामहीम को निवेदन कर उक्त भूमि के अतिरिक्त कोई अन्य भूमि आयुर्वेद विश्वविद्यालय हेतु दिये जाने हेतु निवेदन किया जायेगा।

- **तख्तियों पर विश्वविद्यालय की भूमि बचाने के संबंध में नारे लिखकर एक विशाल रैली निकाली**

सभा को कर्मचारी संघ के अध्यक्ष उमाशंकर शर्मा, महासचिव राजकुमार गर्ग, पूर्व कर्मचारी संघ अध्यक्ष दिलीप शर्मा आदि ने संबोधित किया।

प्रदर्शन करने वालों में विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी साथी डॉ. आशीष चौरसिया, डॉ लारा शर्मा, प्रो सुब्रतो दत्ता ,प्रो ऋतु माथुर, डॉ दिग्विजय सिंह,बजरंग लाल ढाका सहायक कर्मचारी संघ अध्यक्ष, दिलीप शर्मा, डॉ. अशोक गुप्ता, पुनीत साहनी, प्रेम जोनवाल, परमानन्द बरूना, पुष्पेन्द्र शर्मा, सुरेन्द्र कुमावत, सेवानिवृत कर्मचारी, बुद्धि प्रकाश अग्रवाल, पी.डी. कुमावत एवं छात्र नेता उपस्थित थे।

राव जयमल राठौड़ की जयंती समारोह का निमंत्रण

बिजयनगर, (निसं)। आगामी 13 अक्टूबर को पुष्कर में श्री राव जयमाल राठौड़ की 517वीं जयंती समारोह मनाए जाने को लेकर कुशवाह फोर्ट में शुक्रवार को जयमल ट्रस्ट पुष्कर के पदाधिकारी देवी सिंह, रामदयालु सिंह, हरि सिंह, सावंत सिंह, गजेंद्र सिंह व मोहन सिंह द्वारा मसूदा विधानसभा क्षेत्र के राजपूत सरदारों को निमंत्रण दिया गया। क्षत्रिय संस्थान मसूदा के प्रवक्ता प्रदीप सिंह भदोरिया ने बताया कि श्री जयमल न्यास पुष्कर भक्त एवं वीरवर श्री राव जयमल राठौड़ 517वीं जयंती समारोह आगामी 13 अक्टूबर को पुष्कर में आयोजित किया जाएगा इस आशय का निमंत्रण पत्र राजपूत समाज को दिया गया।

राव जयमल जयंती समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री राजस्थान सरकार राजेंद्र सिंह राठौड़ अध्यक्षता सुशील कंवर पलाड़ा जिला प्रमुख अजमेर विशिष्ट अतिथि धर्मेंद्र सिंह राठौड़ पूर्व अध्यक्ष राजस्थान पर्यटक निगम राजस्थान रविंद्र सिंह भाटी विधायक, भंवर सिंह पलाड़ा राष्ट्रीय अध्यक्ष खो खो संघ होंगे। बैठक के दौरान क्षत्रीय सेवा संस्थान मसूदा के अध्यक्ष सहदेव सिंह सहित कई राजपूत सरदार उपस्थित थे।

सार-समाचार

स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र के टूटे ताले

अजमेर, (कासं)। शहर में सक्रिय चोर गिरोह ने तोपदड़ा स्थित महात्मा गांधी इंग्लिश मीडिया सरकारी स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र को निशाना बनाया। अज्ञात चोरों ने स्कूल की दीवार में सेंधमारी कर प्रवेश किया और कई कमरों के ताले तोड़े। शुक्रवार सुबह जब स्कूल स्टाफ पहुंचा, तब ताले टूटने की घटना का पता चला। सूचना पर पहुंचे क्षेत्रपार्षद पार्षद ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया। स्थानीय पार्षद श्रवण कुमार ने बताया कि तोपदड़ा क्षेत्र में शुक्रवार सुबह पता चला कि महात्मा गांधी स्कूल के प्रिंसिपल कक्ष, पोषाहार कक्ष, दिव्यांग कक्ष, स्पोर्टस रूम, स्टोर सहित सात-आठ कमरों के ताले टूटे हुए मिले हैं तथा सामान बिखरा पड़ा था। सामान पूरी तरह से अस्त व्यस्त था। पास ही बने आंगनबाड़ी केन्द्र का भी ताला तोड़ा गया और वहां का सामान भी अस्त व्यस्त पड़ा था, यहां से सामान कोई चोरी नहीं हुआ।

बैठक आयोजित हुई

आसीन्द, (निसं)। केन्द्र स्तरीय प्राथमिक विद्यालय शहरी क्षेत्र आसींद के सरकारी व निजी संस्था प्रधानों की आवश्यक तैयारी बैठक शुक्रवार को केन्द्र राजकीय प्राथमिक विद्यालय राजपुरा की झोपड़ियां, वार्ड नंबर 1 शहरी क्षेत्र आसींद में आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से 11 वर्ष आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं की खेलकूद प्रतियोगिता करवाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर केन्द्राध्यक्ष ईश्वर लाल भील, संस्था प्रधान जसोदा तेली, डॉक्टर देवीलाल साहू, मोतीराम बेनिवाल, देवेंद्र सिंह चौहान, सुधीर शर्मा, नसीब मोहम्मद पठान, राकेश शर्मा,चेतन शर्मा, राकेश जीनगर,जमना लाल साहू,विजय सिंह तंवर,गुड़िया मीणा,किरण लता,मेहराज बानू,मनखुश मैडम सहित सभी विद्यालयों के प्रतिनिधियों ने बैठक में भाग लिया।

पेंशनर समाज की बैठक सोमवार को

अरांई, (निसं)। राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा अरांई की कार्यकारिणी की बैठक सोमवार को आयोजित होगी। उपशाखा अध्यक्ष ओमप्रकाश सारण में बताया कि बैठक बांदरा बालाजी के पास स्थित पेंशनर भवन में 7 अक्टूबर को सुबह 11 बजे आयोजित होगी। सारण ने बताया कि नई कार्यकारिणी का गठन, आईना अंक 11 , आरजीएचएस योजना में दवाईयां, 2006 के बाद जून माह में रिटायर हुए पेंशनर बाबत राज्य सरकार द्वारा किये गए निर्णय एवं अन्य विषयों पर चर्चा की जावेगी।

खड़े कंटेनर में घुसी पिकअप, एक भाई की मौत, दूसरा घायल

अजमेर, (कासं)। मांगलियावास थाना क्षेत्र के ब्यावर रोड स्थित तबीजी हाईवे पर शुक्रवार सुबह सब्जी से भरी पिकअप तेज स्पीड में सड़क किनारे खड़े कंटेनर के पीछे जा घुसी। पिकअप में सवार दो सगे भाई स्टेरिंग में फंस गए। दोनों को एक घंटे की मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया, जिसमें से गाड़ी चला रहे छोटे भाई चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बड़ा भाई गंभीर घायल हो गया, जिसे जेएलएन अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार जारी है। हादसा मांगलियावास के तबीजी गैस प्लांट के सामने हुआ। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

सब्जी से भरी पिकअप जयपुर से ब्यावर की तरफ जा रही थी। तेज स्पीड में आगे चल रहे वाहन को ओवरटेक करने के चक्कर में सड़क किनारे खड़े कंटेनर के पीछे जा घुसी। पिकअप पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पिकअप में भरी सब्जी की बोरियां 200 मीटर दूर जा गिरी। हादसे की सूचना पर मांगलियावास थाने से एएसआई हुकमसिंह राठौड़, कॉन्स्टेबल हेमराज ढाका जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से कंटेनर में फंसी पिकअप को अन्य वाहन की मदद से बांधकर बाहर निकाला।

- **तेज स्पीड में आगे चल रहे वाहन को ओवरटेक करने के चक्कर में हादसा हुआ**

मॉरीशस कार्यक्रम में होगा मधु खंडेलवाल का वक्तव्य

अजमेर, (कासं)। विश्व हिंदी सचिवालय मॉरीशस की तरफ से समय-समय पर आभासी कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं जिसे फेसबुक एवं वेबसाइट पर देखा जा सकता है। इसमें विश्व के हिंदी के विद्वान एवं साहित्यकार हिंदी को बढ़ावा देने एवं प्रचार प्रसार के माध्यमों पर अपने विचार और भावों की अभिव्यक्ति देते हैं।

इसी क्रम में शनिवार को 8 बजे शाम विश्व हिंदी सचिवालय मॉरीशस के पेज पर अजमेर लेखिका मंच द्वारा हिंदी के प्रचार प्रसार में किए गए प्रयासों की विस्तृत चर्चा संस्थापिका सदस्य डॉ मधु खंडेलवाल द्वारा रखी जाएगी एवं मंच की सदस्य वंदना उपाध्याय वेदांगी ब्यावर द्वारा काव्य पाठ भी किया जाएगा।

शाहपुरा जिले को यथावत रखने की मांग को लेकर किसानों ने सौंपा ज्ञापन

शाहपुरा, (निसं)। किसान केसरी संघ के बैनर तले शाहपुरा जिले के किसानों ने शाहपुरा जिले को यथावत रखने की मांग को लेकर जिलाध्यक्ष सूर्य प्रकाश ओझा की अगवाई में जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया।

साथ ही चेतावनी देते हुए बताया की यदि जिले को हटाया गया तो किसान उग्र आंदोलन करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी राजस्थान सरकार की होगी। साथ ही अतिवृष्ट से 100 फैसले नष्ट हो गई है खराब बात कर किसानों को राहत दिलायी जावे, ज्ञापन देते समय जिला उपाध्यक्ष रमेश कुमावत, रजाक मोहम्मद, संगठन मंत्री भेरू जाट लाठियां का खेड़ा, गोपाल माली, खाना माली सुदर्शनपुरा, ओनार गुर्जर सरदारपुरा, भेरू मीणा रघुराजपुरा, रामकिशन कुमावत, रामेश्वर कुमावत, रमेश कुमावत, गणपत बेरवा दौलतपुरा ,बन्ना खारोल कल्याणपुरा, भंवर खारोल भगवानपुरा, हीरा कुमावत, छोटू कुमावत गोपालपुरा, तथा महिला कृषकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस दौरान हजारों किसान उपस्थित रहे।

शाहपुरा जिले को यथावत रखने की मांग को लेकर जिलाध्यक्ष सूर्य प्रकाश ओझा की अगवाई में जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया।

आम सूचना

हर आमोखास को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार मंगला पुत्र नानू जाति गुर्जर निवासी ग्राम नयागांव तहसील किशनगढ़ जिला अजमेर राजस्थान की कृषि भूमि वाके ग्राम नयागांव पटवार हल्का बीती भू.अ.नि. क्षेत्र बरणा तहसील किशनगढ़ जिला अजमेर राजस्थान में खसरा संख्या 511 क्षेत्रफल 0.6634 हैक्टेयर (किस्म बारानी-3) में अवस्थित है, जिसके संबंध में तथ्य छिपाकर श्रीमति लाली देवी पत्नी मेवाराम जाति गुर्जर निवासी नयागांव तहसील किशनगढ़ द्वारा मेरे पक्षकार से अपने पक्ष में दिनांक 24 अगस्त 2024 को अविधिक दस्तावेज (मुख्तयारनामा) निष्पादित कराया था। उक्त मुख्तयारनामा को मेरे पक्षकार द्वारा निरस्त/समाप्त किया जाता है।उक्त मुख्तयारनामा के जरिये कोई संव्यवहार किया गया हो अथवा किया जाता है तो वह अवैध एंव शून्य होगा, और यदि कोई भी आमजन मुख्तयारनामा के जरिये कोई भी लेनदेन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। इस हेतु मेरे पक्षकार किसी प्रकार से जिम्मेदार अथवा दायित्वाधिन नहीं होंगे। अतः सूचित रहे।

एडवोकेट-प्रतिक मेहता, बोहरा हाउस, सदर बाजार, पुराना शहर किशनगढ़ (अजमेर) मो. 9828154336

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक: नियमन/24-25/471 **आम सूचना** दिनांक: 1/10/2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री गौरव जैन पुत्र श्री ज्ञानचन्द जैन, श्री गुंजन जैन पुत्र श्री ज्ञानचन्द जैन व श्रीमति सुशीला देवी पत्नि श्री ज्ञानचन्द जैन निवासी खटीकान खारा कुंआ मार्ग, ब्यावर ने आबादी मोहल्ला हाईवे कॉलोनी नगर परिषद मार्ग ब्यावर में स्थित वाणिज्यिक भूखण्ड संख्या 47 व 50 कुल क्षेत्रफल 529.77 वर्गगज भूमि के संयुक्तीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण में उक्त आवेदन पत्र के साथ पंजीकृत बेचाननामा व नोटेरीशुदा आपसी सहमति शपथ पत्र सलंग्न किया गया है। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत पंजीकृत बेचाननामा व नोटेरीशुदा आपसी सहमति शपथ पत्र के आधार पर भूखण्ड संख्या 47 व 50 कुल क्षेत्रफल 529.77 वर्गगज भूमि के संयुक्तीकरण बाबत् किसी व्यक्ति को कोई आपति हो तो 07 दिवस के भीतर-भीतर अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष लिखित में आपति प्रस्तुत कर सकते है। अन्यथा बाद मियाद आपति विचारणीय नही होगी ।

सीमायें (साईट प्लान के अनुसार)

पूर्व : प्लाट नं. 48 व 49 पश्चिम : प्लाट नं. 46 बी व 51

उत्तर : रोड सेन्टर से 50 फीट दक्षिण : रोड 30 फीट

आयुक्त, नगर परिषद, ब्यावर

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ, अजमेर (राज.)

क्रमांक/न.पा.कि /प्रा.अ./कृ.भू.नि./2024/408 **लोक सूचना** दिनांक : 1.10.2024

आवेदक श्री चेला राम मुरावतिया पुत्र श्री अणदाराम निवासी सी 07 उमा सदन लक्ष्मीनारायण विहार कॉलोनी, अजमेर रोड मदनगंज किशनगढ जिला अजमेर राज. 2. श्री चेना राम घस्वा पुत्र श्री प्रभू राम निवासी शिव कॉलोनी गांधीनगर मदनगंज किशनगढ जिला अजमेर 3. श्री तेज राम चौधरी पुत्र श्री मांगीलाल चौधरी निवासी डेर की ढाणी जूसरी जिला नागौर राज0। ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का औद्योगिक प्रयोजनार्थ गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात

जिले सहित तहसील का नाम	राजस्व ग्राम का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल
किशनगढ़-अजमेर	किशनगढ बी	1589/335	खसरा नम्बर 1589/335 क्षेत्रफल रकबा 0.1629 हैक्टेयर यानि 1629.0 वर्गमीटर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक.....को जारी की गयी ।

आयुक्त नगर परिषद किशनगढ़

कार्यालय नगर निगम अजमेर

क्रमांक: न.नि.अ./24-25/भवन/542 **आपत्ति सूचना** दिनांक: 4/10/2024

श्री नयन टिलवानी पुत्र श्री राजेश टिलवानी निवासी प्लाट नं. 10 आनन्द विहार कॉलोनी चौरसियावास रोड अजमेर द्वारा एक सम्पति जिस पर ए.एम.सी. नं. 545-ए/III/28 का एक भाग है, जो थोक मालियान की भूमि के खसरा नं. 5133 का एक भाग है जो वाके संत कंवरराम स्कूल के पास भगवानगंज अजमेर में स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 95.21 वर्गमीटर है। भूमि के मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यावसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएं निम्नानुसार हैं।

पूर्व : रास्ता आम पश्चिम : प्राईवेट प्रोपर्टी

उत्तर : प्राईवेट प्रोपर्टी दक्षिण : सम्पति श्री लक्ष्मी टिलवानी की

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

क्षेत्रीय कार्यालय
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
एसपीएल-2, पंचम चरण, रिको औद्योगिक क्षेत्र, किशनगढ़ (अजमेर)

राप्रनिम/क्षेका किश/पीयूबी-382/2039 Date: 04-10-2024

पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई के लिए आम सूचना

विषयः- श्री संजय भारद्वाज, खनन पट्टा संख्या 109/2018, निकट ग्राम एकलसिंगा, तहसील केकड़ी, जिला केकड़ी द्वारा प्रस्तावित ग्रेनाईट खनिज क्लस्टर खनन परियोजना हेतु पर्यावरण स्वीकृति के लिए लोक सुनवाई ।

1. सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गेनाईट खनन क्लस्टर कुल क्षेत्रफल 157.63112 हैक्टेयर, कुल क्लस्टर उत्पादन क्षमता-18869032.47 टीपीए (आर.ओ.एम.) आवेदक श्री संजय भारद्वाज द्वारा प्रस्तावित ग्रेनाईट खनन परियोजना है जिसका खनन क्षेत्र 1.71792 हैक्टेयर है तथा प्रस्तावित उत्पादन क्षमता 167866 टीपीए (आर.ओ.एम.) जो कि खनन पट्टा संख्या 109/2018, निकट ग्राम एकलसिंगा, तहसील केकड़ी, जिला केकड़ी में स्थित है से संबन्धित प्रार्थना पत्र मय दस्तावेज पर्यावणीय स्वीकृति से पूर्व आवश्यक समूह खनन परियोजना की लोक सुनवाई हेतु प्रस्ताव राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यहाँ तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिलिखित) को प्रस्तुत किया गया है।
2. और चूंकी श्री संजय भारद्वाज ने राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल को उक्त परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से पूर्व आवश्यक समूह खनन परियोजना की लोक सुनवाई हेतु मण्डल को आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त परियोजना हेतु वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी ई.आई.ए. अधिसूचना संख्या एस.ओ. 1533 दिनांक 14.09.2006 ओर एस.ओ. 141 ई दिनांक 15.01.2016 एवं 09.05.2022 के अनुसार में जन सुनवाई हेतु इस आशय की सूचना जारी कर 15 दिवस का नोटिस दिया जाना आवश्यक है।
3. उक्त परियोजना से सम्बन्धित संक्षिप्त अभिलेख (कार्यकारी सारांश) एवं संक्षिप्त कार्यपालक सार अभिलेख निम्न कार्यालयों में अवलोकनार्थ उपलब्ध हैः-

1. जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, केकड़ी 2. पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर 3. सदस्य सचिव, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मुल्यांकन समिति, राजस्थान, 04, संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर 4. क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, किशनगढ़, जिला- अजमेर 5. तहसील कार्यालय- केकड़ी, जिला-केकड़ी 6. राजीव गांधी सेवा केन्द्र, लसाड़िया, तहसील केकड़ी, जिला केकड़ी

अतः सर्वसाधारण को कार्यालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, केकड़ी के पत्र क्रमांक EC/JUd./24/3558 दिनांक 04.10.2024 के क्रम में इस आम सूचना के माध्यम से एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त समूह खनन परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से संबंधित जन सुनवाई हेतु दिनांक 21/10/2024 को प्रातः 11:00 बजे, स्थान- राजीव गांधी सेवा केन्द्र, लसाड़िया, तहसील केकड़ी, जिला केकड़ी में उपस्थित होकर अपने लिखित/मौखिक आक्षेप/सुझाव प्रस्तुत कर सकते है । साथ ही इस संबंध में लिखित सुझाव/आपत्ति इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, किशनगढ़, जिला- अजमेर में दिये जा सकते है यह आम सूचना वैशिक महामारी कोविड-19 से संबंधित केन्द्रीय/राज्य सरकार द्वारा समय- समय पर पारित निर्देशों के अनुरूप एवं अधीन रहेगी तथा सभी प्रावधानों/ सावधानियों की पालना सुनिश्चित करनी होगी ।

क्षेत्रीय अधिकारी

अली यावर जंग राष्ट्रीय वाणी एवं श्रवण विकलांगता संस्थान (दिव्यांगजन)
(दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन) बांद्रा रिक्लेमेशन, बांद्रा (पश्चिम), मुम्बई-400050
दूरभाष- 2640-0215/0228/9176, फैक्स-26404170
ईमेल-ayinihh-mum@nic.in और वेबसाईट www.ayjrihh.nic.in

रोजगार सूचना संख्या 02/2024-25

एवाईजेएनआईएसएचडी (डी), मुंबई और इसके क्षेत्रीय केन्द्रों में प्रत्यक्ष आधार पर और नागपुर और छतरपुर में विकलांग व्यक्तियों के कौशल विकास, पुनर्वास और सशक्तिकरण के लिए अपने मुख्यालय और समग्र क्षेत्रीय केन्द्रों में संविदा आधार पर विभिन्न पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। क्रमशः।

निर्धारित प्रारूप में आवेदन निर्धारित शुल्क, सभी शैक्षिक और अनुभव प्रमाण पत्रों की स्व-सत्यापित फोटोकॉपी के साथ रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 21 दिनों के भीतर पंजीकृत/स्पीड पोस्ट द्वारा इस संस्थान में पहुंच जाना चाहिए।

आवेदन के लिए निर्धारित प्रारूप के साथ आयु सीमा, आवश्यक योग्यता, अनुभव और आरक्षण आदि के संबंध में विवरण अपलोड किए गए है और वेबसाइट www.ayjnihh.nic.in से डाउनलोड किए जा सकते है।

CBC 38107/11/0007/2425 निदेशक

हनुमंत कथा का 6 से 10 नवंबर

भीलवाड़ा, (निसं)। बागेश्वर धाम के सुप्रसिद्ध पंडित धीरेन्द्र शास्त्री की पांच दिवसीय हनुमंत कथा का आयोजन आगामी 6 से 10 नवंबर को भीलवाड़ा में होगा। यह कथा छोटी हरणी स्थित काठिया बाबा आश्रम के महंत बनवारीशरण महाराज के सानिध्य में होगी। बागेश्ववर धाम सरकार के पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री महाराज की 6 से 10 नवम्बर तक पांच दिवसीय हनुमंत कथा होगी। धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री महाराज के पहली बार भीलवाड़ा आने से लाखों भक्तों के उमड़ने की संभावना को देखते हुए इस आयोजन के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही है। धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री 6 नवम्बर को ही सुबह भीलवाड़ा आयेंगे। कथा के बाद बागेश्वर धाम सरकार का दरबार भी लगेगा। इस कथा का उद्देश्य भक्तों को प्रभु श्रीरामजी व हनुमान महाराज से जोड़ना है। बागेश्वर धाम के धीरेन्द्र शास्त्री ऐसे युवा संत है जिनकी प्रेरणा से लाखों युवा जुड़ रहे है और ऐसे लोग भी है जो धर्म परिवर्तन कर रहे है वे सुधर भी रहे है।

अग्रसेन जयन्ती महोत्सव कार्यक्रमों के तहत सांस्कृतिक संध्या

अजमेर, (कासं)। महाराजा श्री अग्रसेन जी की 5148वी जयन्ती के उपलक्ष में चल 9 दिवसीय कार्यक्रम के आठवें दिन 4 अक्टुबर शुक्रवार को अग्रवाल पाठशाला सभा प्रांगण में प्रसिद्ध समाजसेवी हनुमान दयाल बंसल के मुख्य आतिथ्य में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया, इस अवसर पर समाज के प्रतिभावान बच्चों को अग्र गौरव से सम्मानित किया गया।

सुनील गोयल ने बताया कि कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि प्रसिद्ध समाजसेवी हनुमान दयाल बंसल व उनकी धर्मपत्नी उषा बंसल ने श्री अग्रसेन भगवान की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, तत्पश्चात अग्रसेन जयन्ती महोत्सव समिति के मुख्य संयोजक अशोक पंसारी, सुनील गोयल, अग्रवाल पाठशाला सभा के अध्यक्ष शंकर लाल बंसल, सीताराम गोयल व गोपाल गोयल कांच वाले ने मुख्य अतिथि हनुमान दयाल बंसल व उषा बंसल का माल्यार्पण कर तथा बुके व स्मृति चिन्ह भेंटकर अभिनंदन किया।

- **अग्रवाल समाज के प्रतिभावान बच्चों को अग्र गौरव से सम्मानित किया**

कार्यक्रम में समाज के जिन प्रतिभावान बच्चों को अग्र गौरव से सम्मानित किया गया उनमें केंद्रीय माध्यामिक शिक्षा बोर्ड की सिनियर सेकेंड्री परीक्षा में 95 प्रतिशत व उससे अधिक अंक प्राप्त करने वालों में हीरल अग्रवाल व रोनित गर्ग, सी ए में सफलता पर अनुश्री अग्रवाल, एम बी बी एस की डिग्री प्राप्त करने पर मनोग्य अग्रवाल, आई आई एम से एम बी ए की डिग्री प्राप्त करने पर प्रबल अग्रवाल, डॉक्टर ऑफ फिलोसिफि की डिग्री प्राप्त करने पर खुशबु बंसल, मास्टर ऑफ साइंस की डिग्री प्राप्त करने पर दीपाली को सम्मानित किया गया।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया

अजमेर, (कासं)। लायंस क्लब अजमेर वेस्ट एवम् पृथ्वीराज के संयुक्त तत्वावधान में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के लिए शुक्रवार को ठठेरा चौक स्थित रामायण मंडल श्रीराम विद्यालय से जागरूकता रैली निकाली गई। डिस्ट्रीक मीडिया कॉर्डिनेटर लायन राजेंद्र गांधी ने बताया कि प्रांतीय कार्यक्रम एवम सेवा सप्ताह के तहत आमजन में बेटियों के प्रति फैली भ्रांति को दूर करने के लिए जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में विद्यालय के छात्र छात्राएं हाथो में तख्तियां लेकर नारे लगाते हुए चल रहे थे। रैली विद्यालय प्रांगण से शुरू होकर विभिन्न मार्गो से होती हुई पुनः विद्यालय में समाप्त हुई । बच्चे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नारे लगा कर आमजन को जागरूक कर बेटी बचाने का संदेश दिया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष लायन राजेश बोहरा, लायन चरण प्रकाश गुप्ता, लायन सोमरत्न आर्य, लायन प्रदीप बंसल, मीना शर्मा, सुनिता सहित शाला स्टाफ मौजूद था। शाला प्रधानाधिपका कृष्णा शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

'बजरंग गढ़ से अग्रसेन सर्किल तक सुगम होगी सड़क'

अजमेर, (कासं)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि दीपावली से पूर्व अजमेर शहर की अधिकांश सड़कों को सुधार लिया जाएगा। बारिश के कारण आगरा गेट से अग्रसेन सर्किल एवं बजरंग गढ़ से अग्रसेन सर्किल की सड़कों को काफी नुकसान पहुंचा था। करीब 1.10 करोड़ रूपए की लागत से इन दोनों सड़कों को सुधारा जाएगा। इससे इन दोनों मार्गो पर प्रतिदिन सफर करने वाले हजारों नागरिकों को राहत मिलेगी।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शुक्रवार को आगरा गेट से अग्रसेन सर्किल तक 70 लाख एवं अग्रसेन सर्किल से बजरंग गढ़ चौराहे तक सड़क निर्माण कार्य का शुभारम्भ किया। इन सड़कों के निर्माण से हजारों लोगों को राहत मिलेगी।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में देवनानी ने कहा कि बारिश के कारण शहर में कई जगह सड़कें क्षतिग्रस्त हुइ हैं। इन्हें दीपावली से पूर्व सुधारा जाएगा। अजमेर उत्तर क्षेत्र में सड़क सुधार का कार्य योजनाबद्ध रूप से किया जाएगा।

- **विधानसभा अध्यक्ष ने किया 1.10 करोड़ रूपए के सड़क विकास कार्यो का शिलान्यास**

उन्होंने कहा कि शहर का सुनियोजित विकास, विशेषकर सड़क, पानी, बिजली, चिकित्सा और पर्यटन विकास हमारी प्राथमिकता है। इन क्षेत्रों में योजनाबद्ध रूप से काम होगा। राज्य बजट एवं राज्य सरकार की ओर से हाल ही में सड़कों के विकास के लिए कई करोड़ रूपयों की घोषणा की गई है। शहर की सड़कों के सम्पूर्ण कायाकल्प के लिए इस राशि से योजनाबद्ध काम करवाया जाएगा। शहर की सभी टूटी-फूटी सड़कों एवं अन्य प्रमुख सड़कों को सुधारा जाएगा।

उद्यमिता और स्टार्टअप पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का भव्य शुभारंभ

'नवाचार ही भारत का एकमात्र स्रोत है जिससे हम स्वावलंबी एवं विकसित भारत की संकल्पना कर सकते हैं'

अजमेर, (कासं)। राजस्थान में राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय एकमात्र ऐसा शिक्षण संस्थान है जो अपने भौगोलिक एवं शैक्षिक संसाधनों द्वारा समाज को स्वरोजगार एवं उद्यमिता की ओर ले जा सकता है।' यह कहना था दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग नई दिल्ली के टीटीआई प्रभाग के प्रमुख प्रवीण रॉय का। राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में स्टार्टअप और उद्यमिता (एनएसएसई-2024) पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का भव्य शुभारंभ कुलपति प्रोफेसर आनंद भालेराव के नेतृत्व हुआ। आयोजन नवाचार एवं स्टार्टअप सेल, राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय के तत्वाधान में 4 से 5 अक्टूबर तक किया जा रहा है।

प्रवीण रॉय ने अपने वक्तव्य में संचार एवं प्रौ